# भारत से चीनी निर्यात बढ़ने के आसार

**लंदन** • लगातार दूसरे वर्ष 2011-12 भारत से रिकॉर्ड चीनी निर्यात होने की संभावना बन रही है। यह संभावना कमोडिटी कंपनी जार्निकोव ने जताई है। लंदन की इस कंपनी ने कहा कि पिछले अक्टूबर से शुरू मौजूदा सीजन में पैदावार बेहतर रहने की वजह से चीनी निर्यात 25 लाख टन के ऊपर निकल सकता है। लगातार दूसरे साल भारत से इतनी मात्रा में चीनी का निर्यात किया जा रहा है। बीते सीजन 2010-11 के दौरान भारत से करीब 30 लाख टन चीनी का निर्यात हुआ था। कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत कुछ वर्षों में चीनी निर्यातक देश बन जाता है और कुछ वर्षों में वह आयातक बन जाता है।